भारत सरकार
आयुष मंत्रालय

राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 1446
20 दिसम्बर, 2022 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

आयुष चिकित्सा महाविद्यालयों की स्थापना

1446. **श्री कार्तिकेय शर्मा:**

क्या **आयुष** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार का देश में आयुष चिकित्सा महाविद्यालयों को स्थापित करने का कोई प्रस्ताव है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या किसी राज्य सरकार ने आयुष चिकित्सा महाविद्यालयों को स्थापित करने की मांग की है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और उस पर क्या कार्रवाई की गई है;

(ड़) क्या केंद्र सरकार ने किसी राज्य सरकार से आयुष चिकित्सा महाविद्यालयों की स्थापना के लिए नि:शुल्क भूमि उपलब्ध कराने के लिए कहा है; और

(च) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
आयुष मंत्री (श्री सर्बानंद सोणोवाल)

(क) और (ख): सार्वजनिक स्वास्थ्य राज्य का विषय होने के कारण, देश में नए आयुष कॉलेजों की स्थापना संबंधित राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकार (सरकारों) और गैर सरकारी संगठनों के कार्यक्षेत्र में आता है।

हालांकि, शैक्षणिक वर्ष 2022-23 के लिए नए सरकारी आयुष मेडिकल कॉलेजों की स्थापना के संबंध में विभिन्न राज्य सरकारों से एनसीआईएसएम (भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग) और एनसीएच (राष्ट्रीय होम्योपैथी आयोग) में प्राप्त प्रस्ताव इस प्रकार हैं:-

आयुर्वेद	10
यूनानी	शून्य
सिद्ध	शून्य
होम्योपैथी	शून्य
सोवा-रिग्पा	शून्य

साथ ही, यह भी सूचित किया जाता है कि राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान जयपुर का अनुषंगी केंद्र पंचकूला (हरियाणा) में स्थापित किया जा रहा है।

प्रस्ताव का ब्यौरा **संलग्नक-I** पर दिया गया है।

(ग) और (घ): सार्वजनिक स्वास्थ्य राज्य का विषय होने के कारण, देश में आयुष मेडिकल कॉलेजों की स्थापना संबंधित राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारों के कार्यक्षेत्र में आता है। हालांकि, राष्ट्रीय आयुष मिशन (एनएएम) की केंद्रीय प्रायोजित योजना के तहत, उन राज्यों में नए आयुष कॉलेजों की स्थापना के लिए वित्तीय सहायता का प्रावधान है, जहां सरकारी क्षेत्र में आयुष शिक्षण संस्थानों की उपलब्धता अपर्याप्त है। एनएएम दिशानिर्देशों के प्रावधानों के अनुसार, राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारें राज्य वार्षिक कार्य योजनाओं (एसएएपी) के माध्यम से ऐसी योजना प्रस्तुत करके पात्र वित्तीय सहायता प्राप्त कर सकती हैं। इसके अलावा, एनएएम के तहत, आयुष मंत्रालय ने राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारों से प्राप्त प्रस्तावों के अनुसार नए शैक्षणिक संस्थानों की 13 इकाइयों को अनुमोदित किया है। अनुमोदित नए शैक्षणिक संस्थानों की राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार/पद्धति-वार सूची **संलग्नक-II** पर दी गई है।

(ङ) और (च): वर्तमान में केंद्र सरकार ने किसी भी राज्य सरकार से आयुष मेडिकल कॉलेजों की स्थापना के लिए मुफ्त भूमि उपलब्ध कराने के लिए नहीं कहा है।

****

संलग्नक-I

शैक्षणिक सत्र 2022-23 हेतु नए आयुष राजकीय चिकित्सा महाविद्यालयों की स्थापना हेतु प्रस्तावों का ब्यौरा

क्र.सं.	राज्य	आयुर्वेद महाविद्यालय का नाम	यूनानी महाविद्यालय का नाम	सिद्ध महाविद्यालय का नाम	सोवा रिग्पा महाविद्यालय का नाम	होम्योपैथी महाविद्यालय का नाम
1	महाराष्ट्र	गवर्नमेंट आयुर्वेद कॉलेज एंड हॉस्पिटल, बारामती, पोस्ट-मेदाद में, क्रमांक-414/1, मोरगाँव रोड, बारामती, जिला पुणे-413102, महाराष्ट्र	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य
2	राजस्थान	राजकीय आयुर्वेद महाविद्यालय, वैद दादूदयाल जोशी राजकीय जिला आयुर्वेद चिकित्सालय, तलवंडी, कोटा-324005, राजस्थान				
3	राजस्थान	राजकीय आयुर्वेद महाविद्यालय, श्री वृषभानु कुमारी (एसवीके) गर्ल्स हायर सेकेंडरी स्कूल के सामने, अटलबंद, भरतपुर-321001, राजस्थान				
4	राजस्थान	राजकीय आयुर्वेद महाविद्यालय, केकड़ी, अजमेर-305404, राजस्थान				
5	राजस्थान	राजकीय आयुर्वेद महाविद्यालय, राजकीय जिला चिकित्सालय, बांद्राबास, बीकानेर-334001, राजस्थान				
6	राजस्थान	राजकीय आयुर्वेद महाविद्यालय, प्रताप नगर, जयपुर-302033, राजस्थान				
7	राजस्थान	राजकीय आयुर्वेद महाविद्यालय, डॉ. राजेंद्र प्रसाद जिला आयुर्वेद चिकित्सालय, रानीसती रोड, सीकर-332001, राजस्थान				
8	हरियाणा	बाबा खेतानाथ राजकीय आयुर्वेदिक महाविद्यालय और अस्पताल, ग्राम-पटीकरा, नारनौल, जिला- महेंद्रगढ़				
9	बिहार	राजकीय महारानी रामेश्वरी इंस्टीट्यूट ऑफ इंडियन मेडिकल साइंसेज, मोहनपुर, दरभंगा, बिहार-846007				
10	गोवा	अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान, एमआरपीपी+क्यूडबल्यू9, दरगालिम, उत्तरी गोवा, गोवा - 403 519				

सूचना का स्रोत- एनसीआईएसएम

संलग्नक-II

अनुमोदित नए शैक्षणिक संस्थानों की राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार सूची

क्र.स.	राज्य/संघ रज्य क्षेत्र का नाम	स्थान	पद्धति
1	आंध्र प्रदेश	विशाखापत्तनम	योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा
2	कर्नाटक	मैसूर	योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा
		बिदादी होबली, रामनगर	सोवा-रिग्पा
3	मणिपुर	कीराव, इंफाल पूर्वी जिला	होम्योपैथी
4	सिक्किम	देवराली, गंगटोक	सोवा-रिग्पा
5	हरियाणा	अकेरा, नूंह जिला	यूनानी
		गाँव मंगलाई, अंबाला जिला	होम्योपैथी
6	पश्चिमी बंगाल	बेलूर स्टेट जनरल हॉस्पिटल, हावड़ा	योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा
7	जम्मू-कश्मीर	अखनूर	आयुर्वेद
8	गुजरात	सुरेंद्रनगर	आयुर्वेद
9	उत्तर प्रदेश	अयोध्या	आयुर्वेद
		वाराणसी	होम्योपैथी
10	तमिलनाडु	पलानी, डिंडीगुल जिला	सिद्ध